# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम यमुनानगर को मिला 47वां रैंक

- नगर निगम यमुनानगर ने गत वर्ष की अपेक्षा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में लगाई 174 पायदान ऊपर की छलांग
- मेयर ने निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

स्वच्छता को लेकर नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के अधिकारियों व कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में मिले 221वें रैंक से 174 पायदान ऊपर छलांग लगाते हुए नगर निगम यमुनानगर जगाधरी ने 2024 के स्वच्छता सर्वेक्षण में 47 वां रैंक पाया है। यह रैंक देश के तीन लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की सूची में है। जबकि हरियाणा प्रदेश के 87 शहरों में अपने शहर (नगर निगम यमुनानगर जगाधरी) का 11वां रैंक है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के परिणामों में बेहतर रैंक लाने के लिए निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने खूब मेहनत की थी। घर घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बेहतर रैंक के लिए मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की पीठ थपथपाई है।

नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि शहरी एवं आवास मंत्रालय की ओर से जारी परिणाम में नगर निगम यमुनानगर जगाधरी का 47वां रैंक आया है। जो पिछले वर्ष की रैंकिंग से 174 पायदान ऊपर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतर रैंक लाने को लेकर नगर निगम ने बेहतर प्रयास किए गए।

सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने को लेकर हमने नगर निगम क्षेत्र को तीन जोन में बांटा हुआ है। पहले सात वार्ड जोन एक में आठ से 15 वार्ड जोन दो व 16 से 22 वार्ड जोन तीन में शामिल किए गए हैं। सीएसआई हरजीत सिंह को जोन एक, सीएसआई विनोद बेनीवाल को जोन दो व सीएसआई अनिल नैन को जोन तीन की जिम्मेवारी दी गई है। तीनों सीएसआई अपनी टीम के साथ मिलकर शहर को सुंदर व साफ बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

### लगातार बेहतरी के हो रहे प्रयास



*नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर करने के लगातार प्रयास हो रहे हैं। डोर टू डोर कचरे के उठान से निस्तारण तक की पूरी प्रक्रिया सही तरीके से हो रही है। कचरे के उठान व निस्तारण की समस्या का समाधान हुआ है। डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने में लोग भी सहयोग कर रहे हैं। शहर को स्वच्छता के मामले में अव्वल स्थान दिलाने के लिए हम प्रयासरत है। आगामी वर्षों में हम और भी बेहतर रैंक लाएंगे।*

**रैंकिंग**

वर्ष 2017-346
वर्ष 2018-310
वर्ष 2019-218
वर्ष 2020- 147
वर्ष 2021- 243
वर्ष 2022-170
वर्ष 2023-221
वर्ष 2024- 47



यमुनानगर। गांव दामला में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते किसान। फोटो: हरिभूमि

## पौधों की वृद्धि में रूकावट वाली खामियों पर किया विचार-विमर्श

**रादौर।** कृषि विज्ञान केंद्र दामला की ओर से शुक्रवार को धान प्रबंधन तकनीकों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के 32 विस्तार अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य धान की खेती में देखे जा रहे कुछ लक्षणों, जैसे पौधों की सामान्य वृद्धि में रुकावट के संभावित कारणों की जानकारी देना और उनके प्रभावी प्रबंधन के उपाय सांझा करना था। केंद्र के समन्वयक डॉ.संदीप रावल ने साउदर्न राइस ब्लैक.स्ट्रीक्ड ड्वार्फ वायरस के बारे में जानकारी दी। डॉ. रावल ने वाहक कीट प्रबंधन के लिए कीटनाशकों के छिड़काव की भी सलाह दी। जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ.आराधना बाली ने धान में समन्वित खरपतवार प्रबंधन तथा इस समय कीट व रोग प्रबंधन की नवीनतम सिफारिशों की जानकारी दी। डॉ.एनके गोयल ने धान की रोपाई के 30-40 दिन बाद पोषक तत्व प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया और पौधों में पोषण की कमी से बचाव के लिए वैज्ञानिक उपायों की जानकारी सांझा की।

## जिला पुलिस अधीक्षक ने जिले में लगाए गए पुलिस नाकों का किया निरीक्षण

# पुलिस कर्मियों को जरूरत पड़ने पर अपराधियों पर सीधी फायरिंग करने के दिए निर्देश

- आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए मुस्तैदी से की जा रही जांच : गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में आपराधियों व असमाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस नाके लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने पुलिस नाकों का निरीक्षण कर मौके पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस नाकों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को जरुरत पड़ने पर फायरिंग करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप बीती देर रात डीएसपी मुख्यालय कवलजीत सिंह, रजत गुलिया व अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ जिले में लगाए गए पुलिस नाकों पर पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत की और उनकी ड्यूटी को लेकर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को सतर्क रहने के साथ-साथ अपराधियों पर जरूरत पड़ने पर सीधी फायरिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए लगातार पुलिस नाके लगाकर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जिले में जो आपराधिक घटनाएं सामने आई हैं। उन्हें गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि वह खुद सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हर नाके पर तैनात पुलिसकर्मी पूरी तरह मुस्तैद हैं या नहीं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि पुलिस का यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं है बल्कि जनता की सुरक्षा के लिए एक ठोस कदम है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से पूछा कि उन्हें किसी तरह की परेशानी तो नहीं है और यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे तो किस तरह से कार्रवाई की जाए।



यमुनानगर। पुलिस नाकों का निरीक्षक के दौरान पुलिस कर्मचारियों से बातचीत करते पुलिस अधीक्षक।

### अपराधियों को नहीं दी जाएगी कोई ढील

*पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई अपराधी फायरिंग करता है या किसी अन्य वारदात को अंजाम देकर भागने की कोशिश करता है और वह पुलिस नाके के सामने से गुजरता है तो पुलिस को पूरा अधिकार है कि वह ऐसे अपराधी पर सीधी फायरिंग करे। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अपराधियों के साथ किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पुलिस को केवल चौकसी ही नहीं बल्कि प्रतिक्रिया में तत्परता भी दिखानी होगी। जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी अपराधी को कानून की आंखों में धूल झोंक कर फरार होने नहीं दिया जाएगा।*

## स्पेयर पार्ट की दुकान से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** शहर के शुगर मिल के पास स्थित स्पेयर पार्ट की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आनंद कॉलोनी पुराना हमीदा निवासी केसल अली ने शहर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह उसकी रेलवे फाटक शुगर मिल के पास स्पेयर पार्ट की दुकान है। वह 16 जुलाई को रात आठ बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब नौ बजे वह दुकान पर आया तो उसने देखा कि शटर का लगा ताला टूटा पड़ा है और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर दुकान से पीतल के बुश, लोहे की रॉड व स्पेयर पार्ट का अन्य सामान गायब था। जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**दो युवकों पर केस दर्ज**

जठलाना व रादौर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से टैक्टर की बैंटरियां चोरी करने वाला गिरोह सक्रिया है। इसी कड़ी में चोरों ने गांव पूर्णगढ़ निवासी समय सिंह व गांव बापा निवासी शमशेर अली के ट्रैक्टर से बैंटरियां चोरी कर ली। जब पूर्णगढ़ निवासी समय सिंह व बापा निवासी शमशेर सिंह ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो अंकित व रोबिन बैंटरियां चोरी करके ले जाते हुए मिले। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम का पौधा लगाकर शुभारंभ करते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटो: हरिभूमि

## पर्यावरण संरक्षण व आक्सीजन के लिए पौधरोपण जरूरी: घनश्याम

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में ईको क्लब, हरित हरियाणा अभियान, नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर,आल इंडिया समाज सेवा केंद्र व सृष्टि जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। उन्होंने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कॉलेज के हॉस्टल ग्राउंड में सैंकड़ो छायादार, फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए। मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि जीवन के लिए प्राण वायु यानि ऑक्सीजन सबसे ज्यादा जरूरी है। मनुष्य पानी व भोजन के बिना तो कुछ दिनों तक रह सकता है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए, अच्छी वर्षा के लिए व पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। ऋषि मुनियों ने पेडों को धर्म के साथ जोड़ने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किए गए अभियान के सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं। कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि पौधारोपण हमारे पर्यावरण और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक जरूरी कार्य है। मौके पर वार्ड नंबर आठ के पार्षद विभोर पाहूजा, इको क्लब कनवीनर डॉ. सुनीता कौशिक,डॉ. गुरशरन कौर, निशी ग्रोवर, डॉ.गीता शर्मा, पारूल सिंह, सुदर्शन फाउंडेशन के प्रधान संदीप बजाज, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सागर व अतुल ग्रोवर आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर स्थित प्राचीन देवी मंदिर में आयोजित कीर्तन में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

## श्रावण मास देता है सुख-समृद्धि व कष्टों से मुक्तिः पंडित शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

क्षेत्र के प्राचीन देवी मंदिर में शुक्रवार को मासिक कीर्तन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी के भजन गाये एवं भजनों पर थिरके।

देवी मंदिर के पुजारी पंडित सुरेश शुक्ला ने बताया कि श्रावण माह में सच्चे मन से पूजा करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस महीने में भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं इसलिए भगवान शिव सृष्टि के संचालन का कार्यभार संभालते हैं। भगवान शिव भक्तों की छोटी सी पूजा से प्रसन्न हो जाते हैं।

मौके पर सुशील ऐरन, चंचल, संगीता, प्रेमलता, चमनलाल व रजनी आदि मौजूद थे।

# कक्षाओं में अध्यापक करें ब्लैक बोर्ड का प्रयोग: गिल

- व्यासपुर के उपमंडल अधीकारी जसपाल सिंह गिल ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय राजपुर का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले के व्यासपुर के उपमंडल अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय राजपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक कक्षा में जाकर विद्यार्थियों का शैक्षिक आंकलन किया । मौके पर सफाई व्यवस्था की भी जांच की। उपमंडल अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने अध्यापकों को सभी कक्षाओं में ब्लैक बोर्ड का प्रयोग किए जाने के निर्देश दिए।

उपमंडल अधिकारी जसपाल सिंह गिल खंड शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह राठी व हिमांशु के साथ अचानक राजकीय माध्यमिक विद्यालय राजपुर में अचानक पहुंच गए। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर समेत अन्य स्कूल की व्यवस्थाओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर निरीक्षण किया तो अध्यापक ब्लैक बोर्ड के बिना पढ़ाते हुए मिले। जिस पर एसडीएम ने तुरंत स्कूल के मुख्यध्यापक नरेश कुमार को सभी कक्षाओं में ब्लैक बोर्ड का प्रयोग सुनिश्चित किए जाने की हिदायत दी। साथ ही उन्होंने मुख्यध्यापक को स्कूल में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने कहा कि इस समय बारिश का मौसम चल रहा है। जिसमें बिना साफ सफाई के स्कूल में कुछ जहरीले कीड़े व जीवजंतु निकल सकते हैं। उनसे बचाव के लिए साफ सफाई का होना अति जरुरी है।

उन्होंने सभी अध्यापकों को बच्चों को प्रतिदिन होमवर्क देने व उसे सही प्रकार से चैक करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उपमंडल अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने विद्यालय में मिड डे मील का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मिड डे मील पकाने के दौरान साफ. सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। ताकि बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका कोई बुरा प्रभाव न पड़े। सूखे राशन को पानी से बचाने के लिए उसे ऊपर रखा जाए तथा अच्छी प्रकार की सब्जियों का प्रयोग किया जाए।



यमुनानगर। राजकीय माध्यमिक विद्यालय राजपुर में औचक निरीक्षण के दौरान रजिस्टर की जांच करते हुए एसडीएम जसपाल सिंह गिल। फोटो: हरिभूमि



यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में विजेता बच्चों को सम्मानित करती प्राचार्या।

## न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में कक्षा नर्सरी से सातवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रंग-बिरंगी ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना तथा शिक्षा में कला के समावेश को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता, पर्यावरण, प्रकृति, त्योहारों और सामाजिक विषयों पर सुंदर चित्र बनाकर अपनी सृजनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। मौके पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा नर्सरी में से समरवीर और इर्शिता शर्मा ने प्रथम, ऋषभ उप्पल व लव्या कश्यप ने द्वितीय, मनसीरत, आरवी, सुखमन, रबनूर व चेतन्या ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा एलकेजी में ईशिका प्रथम, कायरा द्वितीय व गीतिका तृतीय रही। यूकेजी में अयांश, मेहुल व निमिषा अव्वल रहे। पहली कक्षा में सुनीक्षा, धनक तथा प्रभ, दूसरी कक्षा में जशन, युगम व आयत, तीसरी कक्षा में गुरप्रीत, नित्या व गीतिका, चौथी कक्षा में विहान व अवनी, पांचवीं कक्षा में अदीति, डिल्स व अंशरा, छठी कक्षा में कीर्वी, दृष्टि, वाणी व अंजलि तथा सातवीं कक्षा में गुरसहज, एलीना व परनीत ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या तोषल वाधवा ने विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति और कला कौशल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की सोच को रंगों और रेखाओं में ढालने का यह प्रयास न केवल उनकी रचनात्मकता को पोषित करता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। हमारा उद्देश्य शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर बच्चों की समग्र प्रतिभा को विकसित करना है।

## निदेशक मंडल की बैठक में 13 प्रस्ताव हुए पारित

- दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक का आयोजन यमुनानगर की सरोजनी कॉलोनी स्थित सहकारी बैंक के कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने की। मौके पर बैंक के जीएम अभिषेक वत्स भी मौजूद रहे।

बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने बताया कि बैठक में सभी निदेशकों ने भाग लिया। इस दौरान निदेशक मंडल की बैठक में 13 प्रस्ताव पेश किए गए। जिनमें सभी प्रस्ताव पास किए गए। नाबार्ड बैंक के अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण की रिपोर्ट को बैंक के समक्ष रखने के लिए बैठक का आयोजन किया गया था। चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने बताया कि बैठक में सभी प्रस्ताव निरीक्षण की रिपोर्ट संबंधी ही थे। बैठक में बैंक के कर्मचारियों के लिए होम लोन, कार लोन के लिए फंड आबंटित किया गया। इस अवसर पर निदेशक मंदीप कंडेला, विनोद गुप्ता, विनोद कांबोज, राजपाल भटेहडी, रमा देवी, अर्जुन सिंह व हरको बैंक चंडीगढ़ के डीजीएम सुनील पातड,विकास अधिकारी सुशील शर्मा, स्थापना अधिकारी मनीष साहनी आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। बैठक में अध्यक्षता करते हुए बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल।

## तीन दोस्तों ने स्कूल से घर लौट रही नाबालिग लड़की के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** शहर के पुराना हमीदा क्षेत्र में स्कूल से घर लौट रही नाबालिग लड़की को रास्तें में रोककर तीन दोस्तों ने छेड़छाड़ की। लड़की के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर आरोपी तीनों युवकों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के हमीदा क्षेत्र निवासी महिला ने शहर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की कॉलोनी के ही एक स्कूल में पढ़ती है। जब भी उसकी लड़की स्कूल में आती जाती थी तो कॉलोनी के ही साहिल, अरमान व नईम ढोलिया उसकी लड़की का पीछा कर उसे परेशान करते थे। उसकी लड़की ने करइं बार आरोपियों की हरकतों को नजरअंदाज किया मगर आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। महिला ने बताया कि आरोपी गत जनवरी माह से उसकी लड़की को ऐसे ही परेशान कर रहे थे। 16 जुलाई को जब उसकी लड़की स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रही थी तो आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। जब उसकी लड़की ने आरोपियों की हरकतों का विरोध किया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## नेल्सन मंडेला को अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाकर किया याद

**रादौर।** वेलफेयर एसोसिएशन रादौर की ओर से शुक्रवार को शहर में नेल्सन मंडेला अंतर्राष्टीय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया ने बताया कि संयुक्त राष्ट महासभा ने नवंबर 2009 में प्रतिवर्ष 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्टीय दिवस मनाने की घोषणा की थी। यह दिवस पहली बार 18 जुलाई 2010 को मनाया गया था। प्रस्ताव पारित करते हुए महासभा के अध्यक्ष अली ट्रेकी ने कहा कि अंतरराष्टीय समुदाय एक महान व्यक्ति के कार्यों की प्रशंसा करता है, जिसने हमेशा दूसरे लोगों के लिए काम किया। नेल्सन मंडेला दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत भूतपूर्व राष्ट्रपति थे। नेल्सन मंडेला का जन्म बासा नदी के किनारे ट्रांस्की के मवेंजो गाँव में 18 जुलाई 1918 को हुआ था। राष्ट्रपति बनने से पूर्व वे दक्षिण अफ्रीका में सदियों से चल रहे रंगभेद का विरोध करने वाले अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस और इसके सशस्त्र गुट उमखोतों वे सिजवे के अध्यक्ष रहे। रंगभेद विरोधी संघर्ष के कारण उन्होंने 27 वर्ष रॉबेन द्वीप के कारागार में बिताये जहाँ उन्हें कोयला खनिज का काम करना पड़ा था। 1990 में श्वेत सरकार से हुए एक समझौते के बाद उन्होंने नये दक्षिण अफ्रीका का निर्माण किया। वे दक्षिण अफ्रीका एवं समूचे विश्व में रंगभेद का विरोध करने के प्रतीक बन गये। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने उनके जन्मदिन को नेल्सन मंडेला अन्तर्राष्टीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। नेल्सन मंडेला दक्षिण अफ्रीका के भूतपूर्व राष्ट्रपति थे। नेल्सन मंडेला यहाँ के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बने थे। उन्होंने अपनी जिंदगी के 27 वर्ष रॉबेन द्वीप पर कारागार में रंगभेद नीति के खिलाफ लड़ते हुए बिताए।



### राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल चमरौड़ी में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

# नशे से दूर रहकर करें अपना मानसिक व शारीरिक विकास: चौधरी

- डीएसपी रादौर आशीष चौधरी ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

नशा मुक्त अभियान के तहत राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल चमरौड़ी में नशा से बचाव को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में रादौर के डीएसपी आशीष चौधरी ने भाग लिया। स्कूल के प्रिंसीपल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यातिथि एवं डीएसपी आशीष चौधरी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर अपना शारीरिक व मानसिक विकास करने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि आज नशे के कारण समाज में अपराध बढ़ रहा है। जिससे आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। वहीं, हमारी लापरवाही से ही ज्यादा सड़क दुर्घटना घटती हैं। सड़क दुर्घटना पीड़ित परिवार के लिए बड़ी मुसीबत लेकर आती है। हमारी थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

हमें हमेशा सड़कों पर यातायात के नियमों की पालना करनी चाहिए। युवा वर्ग यातायात नियमों को अपने व्यवहार में अपनाकर तथा छोटी छोटी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरों के जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं। डीएसपी आशीष चौधरी ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की पालना करने के लिए भी जागरुक किया। उन्होंने बताया कि कम आयु वर्ग का कोई भी विद्यार्थी वाहन ना चलाए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का कतई प्रयोग न करें। डीएसपी ने विद्यार्थियों को समझाया कि गलत दिशा में वाहन न चलाएं, दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग न करें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें व नशा करके वाहन ना चलाए जाने समेत अन्य यातायात के नियमों की पालना करें।

इसके अलावा मुख्यातिथि एवं डीएसपी आशीष चौधरी ने साइबर ठगी से बचने के लिए भी विद्यार्थियों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर भरोसा करके आप अपने बैंक खाता, क्रेडिट व डेबिट कार्ड की जानकारी सांझा ना करे। अपने फेसबुक, व्हाट्सएप का पासवर्ड समय समय पर बदलते रहें। ओटीपी को किसी से भी शेयर ना करें। किसी भी अनजान व्यक्ति का वीडियो कॉल ना उठाएं।

बिना जानकारी के लालच में आकर ऑनलाइन सस्ते सामान को ना खरीदें। पुलिस वर्दी में वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने वालों से ना डरें। साइबर अपराध से बचने हेतू सतर्कता बरतें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य पवन रोहिला, विपिन कुमार, राजेंद्र कुमार, विनोद कुमार, संत कुमार व जसविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।





यमुनानगर। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए समझाते हुए डीएसपी आशीष चौधरी।

## खबर संक्षेप

### कुलाधिपति के प्रतिनिधि बने डॉ. हरि प्रकाश शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा से सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. हरि प्रकाश शर्मा को गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के कुलाधिपति एस. के. आर्य द्वारा विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड में अपने प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय प्रशासन एवं नीति-निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में भागीदारी के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। डॉ. शर्मा की शैक्षिक पृष्ठभूमि, प्रबंधन क्षमता और मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. शर्मा शिक्षा क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखते हैं।

### प्राचार्य गाबा ने डीईओ से की सौहार्दपूर्ण भेंट

**पिहोवा।** डीएवी सेन्टेनरी पब्लिक स्कूल, पिहोवा के प्राचार्य डॉ. कंवल गाबा ने आज नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कौशिक से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विद्यालयों में हरित पहल को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा हुई। डॉ. गाबा ने विद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण, अनुभवात्मक शिक्षण और विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कौशिक ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण और प्रेरणादायक रही।

### सारसा से पिंडारसी जाने वाली सड़क खस्ताहाल

**कुरुक्षेत्र।** आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने गांव सारसा से गांव पिडारसी जाने वाली सड़क की हालत बिल्कुल खस्ता हो चुकी है इसमें जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। रात के अंधेरे में आना-जाना खतरे से खाली नहीं है। इस सड़क पर हादसे भी हो चुके हैं। जिसमें जान तक भी चली गई है। इसको बनाने की जिम्मेदारी सरकार की है। हमारा संगठन आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन सरकार व विकास बोर्ड कुरुक्षेत्र से मांग करता है कि इस सड़क को जल्द बनाया जाए। जिससे लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी ना हो।

### 400 करोड़ आढ़तियों का कमीशन बाकी : बजरंग

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने प्रदेश के व्यापारी व मिलरों से



बातचीत करने के उपरांत कहा कि सरकार की तरफ गेहूं खरीद का लगभग 400 करोड़ रुपए आढ़तियों का कमीशन बाकी है। गेहूं खरीदे के 3.5 महीने बीत जाने के बावजूद भी सरकार ने अभी तक व्यापारियों की आढ़त नहीं दी है, जो सरासर गलत है। सरकार ने वादा किया था कि गेहूं खरीद का भुगतान व कमिशन 72 घंटे में किया जाएगा और लेट होने पर उसका ब्याज दिया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अपने व्यादे के अनुसार आढ़तियों का 400 करोड़ रुपए का कमीशन ब्याज सहित तुरंत देना चाहिए। श्री गर्ग ने कहा कि पीछे धान के सीजन में किसान व आढ़तियों को बड़ी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था।

## राज्यपाल के नेतृत्व में गुरुकुल में प्राकृतिक खेती पर हुई किसान गोष्ठी

# प्राकृतिक खेती एक विकल्प नहीं, आज की जरूरत है : राज्यपाल आचार्य देवव्रत

### प्रगतिशील किसानों ने प्राकृतिक खेती के अनुभव सांझा किए, उत्पादों की ब्रांडिंग पर हो फोकस



कुरुक्षेत्र। किसानों को संबोधित करती गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत। फोटो : हरिभूमि

- किसानों के मन में कम उत्पादन को लेकर जो भ्रम वह दूर हो
- किसानों से आह्वान किया कि अपने क्षेत्रों में किसानों को प्राकृतिक खेती की वास्तविकता से परिचित कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

देश-विदेश में विशुद्ध भारतीय पारम्परिक खेती प्राकृतिक खेती को पहचान दिलाने वाले गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के नेतृत्व में हरियाणा के विभिन्न जिलों में प्राकृतिक खेती करने वाले अनेक प्रगतिशील किसानों की एक विशेष किसान गोष्ठी गुरुकुल परिसर में हुई। इस दौरान किसानों ने प्राकृतिक खेती के अपने अनुभव राज्यपाल सहित अन्य किसानों के साथ सांझा किये और तमाम किसान बन्धु प्राकृतिक खेती के परिणामों से न केवल संतुष्ट नजर आए अपितु प्राकृतिक खेती को उन्नत भारत का भविष्य करार दिया।

इस अवसर पर विशेष रूप से प्राकृतिक खेती के विस्तार में अहम भूमिका निभा रहे विख्यात कृषि वैज्ञानिक पदम्श्री डॉ. हरिओम, डॉ. बलजीत सहारण आदि भी मौजूद रहे। आचार्य ने विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्राकृतिक खेती पर हुई चर्चा का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को लेकर प्रधानमंत्री बहुत गंभीर है और विभिन्न प्रदेशों में प्राकृतिक खेती के सफल प्रयोगों से अब यह स्पष्ट हो गया है कि केवल प्राकृतिक खेती से ही देश के किसानों को खुशहाल और समृद्ध बनाया जा सकता है। प्राकृतिक खेती केवल एक विकल्प नहीं अपितु समय की अनिवार्यता है। राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक खेती के उत्पादों की प्रमाणिकता और मूल्यांकन हेतु प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है, जिससे प्राकृतिक खेती करने वाले किसान अपने उत्पादों का सर्टिफिकेशन आसानी से करवा पाएंगे, बाजार में उनके प्राकृतिक उत्पादों को अलग से पहचान मिलेगी।

#### अलग-अलग प्रोडक्ट बनाएं किसान

उन्होंने कहा कि आज मार्किटिंग-ब्रांडिंग का दौर है, ऐसे किसान केवल खेतों पर सीमित न रहे बल्कि अलग-अलग प्रोडक्ट बनाएं और अपने उत्पादों की बिक्री के लिए स्वयं बाजार तैयार करें। खेती में प्रयोग होने वाले केमिकल से आज लोग अनेक बीमारियों से ग्रस्त है, ऐसे में यदि प्राकृतिक खेती के उत्पाद उन्हें उपलब्ध हों तो उसे दोगुनी कीमत पर भी लेने को तैयार हैं। आचार्य ने सभी किसानों से आह्वान किया कि अपने क्षेत्रों में किसानों को प्राकृतिक खेती की वास्तविकता से परिचित कराएं जिससे किसानों के मन में कम उत्पादन को लेकर जो भ्रम वह दूर हो और अधिक से अधिक किसान प्राकृतिक खेती को अपनाएं।

#### अनुभव सांझा किए

किसान गोष्ठी में प्रगतिशील किसान गज्जन सिंह, जौनी राजा, हरमेश काम्बोज, जितेन्द्र सिंह, बीरेन्द्र सिंह, फूलकुमार, कुलबीर सिंह, नरबीर सिंह, अमरीक सिंह, भीम सिंह डागर, कुलबीर सिंह, जसविन्द्र सिंह, सूरजभान, हरजिन्द्र सिंह, सुनील कुमार, कश्मीर सिंह, पंकज कुमार, अमरिन्द्र कुमार, योगेश महन्त, रविन्द्र बावा, हरविन्द्र सिंह, नसीब कुमार, सन्दीप नाहरा, संतोष देवी, कपिल शर्मा, सतीश कुमार, कंवरभान कौशिक, भीखूराम गोयल, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे और उन्होंने अपने-अपने अनुभव भी सांझा किए।



## विनोद ने संभाला डीईईओ का अतिरिक्त कार्यभार

- कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात स्टाफ को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने औपचारिक रूप से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात विनोद कौशिक ने सभी कार्यालय स्टाफ एवं अधिकारियों को संबोधित किया। विनोद कौशिक ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता किसी भी कार्यालय की कार्यक्षमता के मूल स्तंभ हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण भाव से करें, ताकि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने कहा कि वे स्वयं सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा करेंगे और विद्यालयों के निरीक्षण को प्राथमिकता पर रखेंगे, ताकि मौलिक शिक्षा को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाया जा सके।गौतम दत्त ने कार्यभार ग्रहण करने पर विनोद कौशिक को शुभकामनाएं दीं। वहीं, हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक तथा चैयरमैन सतबीर कौशिक ने श्री कौशिक को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक, खंड शिक्षा अधिकारी पिहोवा संजय शर्मा, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक, संजय कौशिक, अतुल कुमार शर्मा, गौतम दत्त, विजेंदर शर्मा, सतबीर कौशिक, सुनील कौशिक, अमित कौशिक, अमित मालिक, रमेश सैनी, जसबीर सैनी, हरीश शर्मा, तनुपमा शर्मा एवं ऋतु गुप्ता उपस्थित रहे।

## टीबीमुक्त भारत की ओर बढ़ा कुरुक्षेत्र

- श्रीकृष्ण आयुष विवि ने संभाली कमान, घर-घर दस्तक देंगे 300 आयुर्वेदिक चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



#### मौके परजरूरी जांच

डॉ.अग्रवाल ने बताया कि टीबी की पहचान उसके लक्षणों से भी की जा सकती है। इसमें मरीज को 15 दिन तक खांसी, हल्का बुखार,भूख कम लगना व वजन कम होना मुख्य हैं। जहां टीबी के मरीज मिलने की संभावना ज्यादा है वहां स्पेशल मोबाइल मेडिकल वैन जा रही है।

जब इरादे नेक हों और सेवा का भाव हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इसी सोच को साकार करते हुए श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने की ऐतिहासिक पहल की है। अब आयुष विश्वविद्यालय के 300 चिकित्सक डोर-टू-डोर दस्तक देकर स्क्रीनिंग करेंगे, ताकि समय पर न केवल रोग की पहचान हो सके,बल्कि रोगियों की जरूरी जांच होने के बाद उपचार मिल सके। आयुष विवि का यह कदम न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में बदलाव का प्रतीक है,बल्कि सेवा,करुणा और समर्पण की मिसाल भी है।

दरअसल,सरकार द्वारा टीबी को जड़ से खत्म करने के संकल्प के तहत स्वास्थ्य विभाग कुरुक्षेत्र को जिलेभर में घर-घर जाकर स्क्रीनिंग करने के निर्देश मिले हैं,लेकिन शहरी क्षेत्र में संसाधनों और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के कारण यह कार्य स्वास्थ्य विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती था।

ऐसे कठिन समय में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने आगे आकर न सिर्फ इस जिम्मेदारी को साझा किया,बल्कि टीबी उन्मूलन की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी पेश किया है।

स्वास्थ्य विभाग से टीबी नोडल अधिकारी डॉ.संदीप अग्रवाल,डिप्टी सिविल सर्जन डॉ.जगमिंद्र सिंह,डॉ.सतविंद्र कुमार व डॉ.सौरभ कौशल की टीम शुक्रवार को आयुष विश्वविद्यालय पहुंची और आयुर्वेदिक चिकित्सकों को टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## एक पेड़, एक जिंदगी अभियान पर्यावरण संरक्षण की पहल: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



- कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

एक पेड़ एक जिंदगी मुहिम एक पर्यावरणीय संरक्षण की पहल है जिसका उद्देश्य लोगों को पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है। इस मुहिम के तहत, लोग एक पेड़ लगाते हैं और उसकी देखभाल करते हैं, जिससे पर्यावरण को लाभ होता है और जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आता है। दुनिया को बदलना है, तो शुरूआत खुद से करनी होगी। एक पौधा या बीज अपने घर या आस-पड़ोस में जरूर लगाएं और एक पेड़ एक जिंदगी अभियान से जुड़कर पर्यावरण मित्र बने। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शुक्रवार को एक पेड़, एक जिंदगी अभियान के तहत कुलपति निवास पर तुलसी के पौधे का बीज रोपित करते हुए व्यक्त किए।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण की पहल करते हुए एक वर्ष में 75 हजार पेड़ विश्वविद्यालय व उससे संबंधित महाविद्यालयों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों द्वारा अपनी पढाई के दौरान लगाने का निर्णय लिया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दाखिला लेने वाला प्रत्येक छात्र पेड़ लगाएगा। पेड़ के संरक्षण एवं सुरक्षा की जिम्मेवारी छात्र की होगी। छात्रों के लिए इस तरह का अभियान चलाने वाला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रकृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एक वर्ष का डिप्लोमा कोर्स करने वाले छात्र को एक पेड़ लगाना होगाकुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पेड़ भविष्य का आधार है। शहर में जितने पेड़ लगेंगे उतना ही शहर प्रदूषण मुक्त रहेगा। जितनी ज्यादा हरियाली होगी पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए एक पौधा जरूर लगाएं। अपने आसपास के लोगों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।

#### जल ही जीवन

उन्होंने कहा कि हमें लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है कि वो एक पौधा जरूर लगाए जिससे पर्यावरण को संतुलित रखा जा सकता है। जिस प्रकार जल ही जीवन है उसी प्रकार पर्यावरण संरक्षण के बिना जल संरक्षण संभव नहीं है। इस अवसर पर डॉ. ममता सचदेवा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, वीरेंद्र मौजूद थे।

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

- बीएलओ ड्यूटी में अनियमितताओं के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, कुरुक्षेत्र द्वारा जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया और इसके पश्चात संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन हाल ही में जारी बीएलओ ड्यूटी आदेशों में की गई गंभीर अनियमितताओं और प्राथमिक शिक्षकों के साथ हो रहे भेदभाव के विरोध में सौंपा गया।

पहले सीटीएम को ज्ञापन सौंपा और उसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक को ज्ञापन सौंपा। उसके पश्चात जिला प्रधान राजेंद्र टंडन और महासचिव संदीप चौहान की संयुक्त अध्यक्षता में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरूक्षेत्र के शिक्षक मुख्यमंत्री हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित आवास में कैलाश सैनी को विस्तार से अपनी बात रखी और ज्ञापन सौंपा उन्होंने कल ही इस मुद्दे पर मिटिंग रखने की बात कही है। संघ ने बताया कि प्राथमिक शिक्षकों को प्राइवेट स्कूलों के बूथों पर लगाया गया है। प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को अपर प्राइमरी विद्यालयों पर ड्यूटी दी गई है। कई शिक्षकों को उनके विद्यालय से 10झ12 किलोमीटर दूर बूथों पर भेजा गया है। संघ ने इस स्थिति को शिक्षकों के अधिकारों और गरिमा का हनन बताया और मांग की कि इछड ड्यूटी आदेशों की पुनः समीक्षा की जाये। प्राथमिक शिक्षकों को उनके स्कूल में स्थित बूथ पर ही यह ड्यूटी दी जाए।

#### ये रहे मौजूद

शिक्षकों में राज्य प्रेस प्रवक्ता सूबे सिंह सुजान, राज्य कार्यकारिणी सदस्य देवदत्त, वरिष्ठ उप प्रधान सुखदेव सिंह एवं सभी खंडों के प्रधान उपस्थित रहे सुरेश कुमार, राजेंद्र जांगिड़, नरेश फूले, राजबीर सिंह, अमन कुमार, नरेंद्र प्रकाश, राजेश राज, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश, रामकुमार आदि अनेक शिक्षक रहे।

## सरकार किसानों का कर रही अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा



**पिहोवा।** कांग्रेस प्रवक्ता सतनाम सिंह विर्क खाद संकट को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए।

हरियाणा में लगातार गहराते खाद संकट को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश प्रवक्ता सतनाम सिंह विर्क ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा कर उनकी मेहनत, समय और सम्मान झ तीनों का अपमान कर रही है। उन्होंने सरकार पर खेती को बर्बाद करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। विर्क ने कहा कि प्रदेश में खाद की न समय पर आपूर्ति हो रही है, न ही वितरण व्यवस्था में कोई पारदर्शिता दिख रही है। ह्लकिसान दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। भाजपा ने किसानों को सिर्फ जुमले दिए, हकीकत में कोई राहत नहीं। कांग्रेस प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही खाद की आपूर्ति और वितरण प्रणाली दुरुस्त नहीं की गई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी और किसानों की आवाज बनेगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और किसानों को त्वरित राहत दी जाए। विर्क ने कहा कि अगर सरकार ने अब भी आंखें मूंदे रखीं तो आने वाले समय में यह संकट बड़े किसान आंदोलन का रूप ले सकता है।

### सीजन के दौरान अब तक 54 हजार एमटी यूरिया पहुंचा: डा. कर्मचंद



**कुरुक्षेत्र।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि जिले में इस सीजन में अब तक 54 हजार एमटी यूरिया आ चुका है, जोकि डिमांड अनुसार 2 हजार एमटी अधिक है। आगामी एक सप्ताह में तीन रैक, जिसमें 1 लाख 50 हजार बैग किसानों के लिए उपलब्ध करवाए जाएंगे। जिले में यूरिया खाद की सप्लाई निरंतर रूप से जारी है। किसानों को उनके खेतों में जरूरत अनुसार खाद उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में इस वर्ष 7500 एमटी डीएपी की सप्लाई हो चुकी है। कुछ किसान आलू के सीजन के लिए डीएपी का भंडारण कर रहे है, जो सही नहीं है। किसानों को उनके खेतों में फसल के अनुरूप खाद की सप्लाई प्रत्येक सीजन में सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है। अतिरिक्त खाद का भंडारण फसल की सप्लाई में बाधित है। जिले में विभिन्न कंपनियों द्वारा सप्लाई किए जा रहे खाद को प्राइवेट डीलर व डिस्ट्रीब्यूटर के साथ-साथ सरकारी एजेंसियों को भी 40 प्रतिशत की सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है।

## तीसरी से सातवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष सेमिनार आयोजित

# स्कूली बच्चों को गुड टच, बैड टच के बारे में किया जागरूक

- छोटे बच्चों को सही ज्ञान देना महत्वपूर्ण ताकि नुकसान न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



#### यह जानने की जरूरत

उन्हें यह जानने की जरूरत है कि उनकी मां या कुछ खास देखभाल करने वालों के अलावा किसी को भी उनके निजी अंगों को देखने या छूने की अनुमति नहीं है। बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध के कारण बच्चों को सुरक्षा सिखाना जरूरी है। जो बच्चे गुड टच और बैड टच के बीच अंतर करने में सक्षम हैं, वे अपने माता-पिता को उनके साथ अनुभव किए जा रहे गलत व्यवहार के बारे में बता सकते हैं। धुनिक माता-पिता अपने बच्चों के साथ चर्चा करने से नहीं कतराते।

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कक्षा तृतीय से सप्तम तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें अध्यापिका आशा तथा मोनिका वर्मा द्वारा गुड टच एवं बैड टच के बारे में बहुत अनोखे अंदाज में समझाया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी शारीरिक संपर्क जो सहमति से होता है और प्यार और देखभाल की तरह लगता है। वह गुड टच यानी कि अच्छा स्पर्श है। सिर या पीठ पर थपकी, गले लगाना जो मजबूरी या दबाव महसूस न कराए, अच्छा स्पर्श है।

इस तरह का टच बच्चे को सुरक्षित महसूस कराता है। कोई भी शारीरिक संपर्क जो सहमति के बिना होता है बुरा स्पर्श यानी कि बैड टच कहलाता है। यह सुरक्षित महसूस नहीं कराता है और शारीरिक दर्द भी पैदा कर सकता है। यह बच्चे को असहज महसूस कराने लगता है। निजी शरीर के अंगों को दबाना या छूना या असहज रूप से करीब होना बुरा स्पर्श कहलाता है। बच्चे मासूम होते हैं और उन्हें अपने बड़ों के निर्देशों का पालन करना सिखाया जाता है। वे उचित और अनुचित स्पर्श के बीच अंतर नहीं कर सकते हैं और धोखा भी खा सकते हैं।

#### सिखाना जरूरी

बच्चों को कम उम्र से ही यह सिखाना जरूरी है कि हर किसी की एक शारीरिक सीमा होती है, जिसे बिना सहमति के पार नहीं किया जाना चाहिए और न ही किसी को इसकी छूट दी जानी चाहिए।

### बाल भवन स्कूल में एक पेड़ मां के नाम की मुहिम के तहत किया पौधरोपण

**कुरुक्षेत्र।** जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा संचालित बाल भवन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पर्यावरण की सुरक्षा हेतु एक पेड़ मां के नाम की मुहिम के तहत स्कूल स्टाफ के प्रत्येक सदस्य व पाँचवी कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्टाफ के प्रत्येक सदस्य ने एक-एक पौधा अपनी माँ की स्मृति को स्थायी बनाने हेतु लगाया एवं उसके रखरखाव की भी जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर प्रिंसिपल उमेद सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वर्ष कम से कम एक पेड़ जैसे पीपल, नीम, बड़ आदि पेड़-पौधे लगाने चाहिए, जो ऑक्सीजन ज्यादा देते हैं। पेड तो लगाना ही चाहिए साथ में उसका रखरखाव की जिम्मेदारी भी जरूर लेनी करना चाहिए। जिस प्रकार हमारी जन्म देने वाली माता ने हमारा पालन-पोषण किया है उसी प्रकार धरती माता भी हमारा पालन-पोषण करती है।



